


आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 31 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


## सीएम से प्रासंगिक मुद्दों पर बात की के राजू ने



प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं, जनहित से जुड़े मुद्दों और वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य के मद्देनर प्रासंगिक विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव मौजूद थे।

## अपने मामा के घर पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन रविवार को सरायकेला-खरसावां जिला के धातकीडीह (चांडिल) स्थित अपने मामा के घर पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वहां अपने ममेरे भाई दीपक किस्कू के पुत्र और पुत्री के नामकरण संस्कार में सम्मिलित होकर परिवारजनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।




# राजस्थान ने चेन्नई को 6 रन से हरा कर खोला जीत का खाता

## हसरंगा ने 4 विकेट लिये, नीतीश राणा ने 81 रन बनाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुवाहाटी।** अनुभवी बल्लेबाज नीतीश राणा की शानदार पारी के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के दम पर राजस्थान ने रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स को छह रनों से हरा आइपीएल-2025 में जीत का खाता खोल लिया है। अपने दूसरे घर गुवाहाटी के बारसापरा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गये मैच में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 182 रन बनाये थे। चेन्नई की टीम जवाब में छह विकेट खोकर 176 रन ही बना सकी।



नीतीश राणा ने 36 गेंदों पर 10 चौके और पांच छक्कों की मदद से 81 रन बनाये। कप्तान रियान पराग ने 28 गेंदों पर 37 रनों की पारी खेली। चेन्नई के लिए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने अर्धशतक जमाया। चेन्नई के कप्तान ने 44 गेंदों पर 63 रनों की पारी खेली जिसमें सात चौके और एक छक्का मारा।

# द आइकॉन मॉल में टाटा जूडियो का भव्य शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बारियातू स्थित द आइकॉन मॉल, जो कि अनिकांत ग्रुप द्वारा निर्मित है में टाटा जूडियो का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कंपनी के निदेशक धर्मेंद्र जैन, अक्षत जैन और अनिकांत जैन ने रांची के लोगों के लिए एक अनोखा तोहफा दिया है, जो कि आने वाले समय में रांची के लोगों का एक लाइफस्टाइल लैंडमार्क होगा। कंपनी के डायरेक्टर अक्षत जैन ने कहा, यह मॉल शॉपिंग, डाइनिंग, मूवी और एंटरटेनमेंट का एक बेहतरीन संयोग होगा। यहां के लोगों को अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए एक अच्छा विकल्प मिलेगा। कंपनी के डायरेक्टर अनिकांत जैन ने कहा,




यह मॉल आने वाले समय में रांची के लोगों के लिए शॉपिंग और एंटरटेनमेंट के लिए सबसे पसंदीदा विकल्प बन कर उभरेगा और हम रांची के लोगों को बेहतर सेवा देने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। मॉल मैनेजर रमनदीप सिंह ने कहा, हम रांची के लोगों को एक अच्छा शॉपिंग और एंटरटेनमेंट अनुभव देने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। हमारा उद्देश्य है कि हम रांची के लोगों को एक अनोखा और यादगार अनुभव प्रदान करें। द आइकॉन मॉल में विभिन्न प्रकार के स्टोर्स, रेस्तरां, और मनोरंजन विकल्प, जो कि रांची के लोगों को एक अनोखा अनुभव प्रदान करेंगे। टाटा जूडियो के शुभारंभ के साथ, द आइकॉन मॉल रांची के लोगों के लिए एक नये युग की शुरूआत करेगा और यह शहर के आर्थिक और सामाजिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

# बजरंग वर्मा बने श्री महावीर मंडल लालपुर के अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल लालपुर के सदस्यों की एक बैठक होटल सिटी पैलेस लालपुर में हुई। इसकी अध्यक्षता मुख्य संरक्षक अभय कुमार सिंह एवं संचालन मुख्य संरक्षक बसंत दास ने किया। इस दौरान बजरंग वर्मा को लालपुर मंडल का अध्यक्ष चुना गया जबकि मुख्य संरक्षक के रूप में सुप्रियो भट्टाचार्य, अभय कुमार सिंह, बसंत दास, अजय राय, सूर्यभान सिंह, दिनेश साहू, अजय गुप्ता, रमेश सिंह, सुनील साहू, प्रशांत राजा, राजीव रंजन प्रसाद, हरविंदर सिंह बेदी, विजय राजगढ़िया, डॉ विजय राज, उमेश रंजन साहू, शंकर दुबे, आदित्य विक्रम जायसवाल, श्री राम शर्मा, महामंत्री दिनेश सिन्हा, जयंत कर, मुन्ना गुप्ता, संजय वर्मा, मनोज गुप्ता, रणधीर सिंह, राजेश कुमार,




वरीय उपाध्यक्ष अजीत दास बाबू, घनश्याम सिंह, सोनू वर्मा, कुणाल राय, पप्पू वर्मा, नवीन साहू, आफताब हसन, महामंत्री सुमित सिंह, सूर्य प्रभात, शशि वर्मा, अमरेंद्र द्विवेदी, विजय चौधरी, राजेश सिंह, मंत्री विकास वर्मा, शुक्र लोहार, सागर वर्मा, दीपक वर्मा, शिवकुमार शर्मा, विनोद, सुमित दास, राजीव शर्मा, टोनू दा, प्रचार मंत्री विनय कुमार, बिनु शेखर तिवारी, कोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद और अंकेक्षक सुधीर कुमार सहित 31 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष बजरंग वर्मा ने कहा कि 6 अप्रैल को श्री महावीर मंडल लालपुर की विशाल शोभायात्रा श्री महावीर मंडल पूर्वी क्षेत्र के साथ मिलकर निकलेगी जिसमें 101 झंडा महिलाओं की टोली विशेष रूप से शामिल होगी। 7 मार्च को चैती दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस का लालपुर चौक में भव्य स्वागत किया जायेगा। बैठक के बाद 2 मिनट का मौन रखकर श्री महावीर मंडल लालपुर के संरक्षक स्वर्गीय अनिल टाइगर एवं विजय वर्मा को श्रद्धांजलि दी गयी।

# भाजपा नेता कृपा शंकर सिंह को मिली जान से मारने की धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उग्रवादी संगठन टीपीसी के प्रमुख कौशल के द्वारा भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य कृपा शंकर सिंह को जान से मारने की धमकी दी गयी। व्हाट्सएप कॉल कर कौशल के द्वारा मैनेज के बिना निर्माण कार्य करवाने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गयी। मैनेज करने से इनकार करने पर रांची में घुसकर मारने की धमकी दी गयी। पिछले दो दिनों से व्हाट्सएप कॉल कर साइड इंचार्ज को धमकी दी जा रही थी। बताते चलें की साई कृपा टेलीकॉम एंड कंस्ट्रक्शन के द्वारा रेलवे थर्ड लाइन विस्तारीकरण एवं बिल्डिंग



निर्माण का कार्य झारखंड के विभिन्न जिलों लातेहार, चतरा, हजारीबाग में करवाया जा रहा है। पूर्व में भी कृपा शंकर सिंह को विभिन्न नक्सली संगठनों के द्वारा धमकी दी गयी है। इस संबंध में प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है।

## बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची पहाड़ी मंदिर परिसर में हिंदू नव वर्ष के अवसर पर फूलों से भव्य सजावट की गयी, मुख्य मंदिर में बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया और मुख्य द्वार पर विशेष फूलों से तोरण द्वार बनाया गया। नये वर्ष के अवसर पर पहाड़ी मंदिर में दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। भक्त नव वर्ष में बाबा से नये वर्ष के लिए आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए दिन भर आते रहे। पहाड़ी मंदिर स्थित दुर्गा मंदिर में कलश की स्थापना की गयी।



## महत्वपूर्ण खबरें

### नये पंबन ब्रिज का उद्घाटन से पहले हुआ सफल परीक्षण



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। पंबन ब्रिज और रामेश्वरम में रेलवे, कोस्ट गार्ड, राज्य प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने 29 मार्च 2025 को नये पंबन ब्रिज के उद्घाटन का पूर्वाभ्यास किया। पुराने पंबन ब्रिज को शेरजर स्पैन के साथ भी खोलना पड़ा था ताकि कोस्ट गार्ड का जहाज पास हो सके। इस पूर्वाभ्यास में पुराने और नये पंबन ब्रिज को खोलने का काम किया गया ताकि समय-समय पर समन्वय स्थापित हो सके। इसके बाद कोस्ट गार्ड के जहाज को नये ब्रिज के खोले गये लिफ्ट स्पैन के नीचे से पार करने दिया गया, और फिर नये ब्रिज के लिफ्ट स्पैन को नीचे लाकर समय को मापा गया। लिफ्ट स्पैन के नीचे होते ही, पंबन से मंडपम और मंडपम से पंबन तक एक ट्रेन का संचालन किया गया ताकि समय की जांच की जा सके। अधिकारियों ने कहा कि परीक्षण सफल रहा।

### डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल में आर्य समाज स्थापना के 150वें वर्ष का जश्न मनाया गया



रांची (आजाद सिपाही)। डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल पुंदाग में आर्य समाज स्थापना के 150 वें वर्ष के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर झारखंड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री पूर्ण चंद आर्य ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और आर्य समाज की स्थापना के उद्देश्यों पर चर्चा की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार, डीएवी स्वर्णरेखा के डॉ प्रकाश सिंह, डॉ गंगेश गुंजन, अजय कुमार, लीला वचन, डीएवी गढ़वा के सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा सहित कई प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दूसरे दिन नव संवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर सूर्य देव चौधरी के पुरोहित में संवत्सर यज्ञ किया गया और संवत्सर एवं मानवीय एकता से संबंधित मंत्रों से विशेष आहुति दी गयी। कार्यक्रम का समापन नव संवत्सर शुभकामनाओं एवं शांति पाठ के साथ हुआ।

### कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र का शुभारंभ

रांची(आजाद सिपाही)। चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ कलश स्थापना से हुई। राजधानी रांची के भुतहा तालाब स्थित चैती दुर्गा मंदिर में मां चैती दुर्गा की पूजा अर्चना की गयी। बता दें कि सन 1926 ई से चैती दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा पूजा का आयोजन किया जाता रहा है। मुख्य पुजारी सुभाष चंद्र मिश्रा ने कहा कि रविवार से नूतन वर्ष विक्रम संवत 2082 की शुरूआत हो चुकी है। चैत्र नवरात्रि पर मां भगवती के पहले स्वरूप मां



शैलपुत्री की पूजा-अर्चना विधि विधान से की गयी। वहीं चैती दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे ने कहा कि इस वर्ष चैती दुर्गा पूजा महासमिति का 100 वर्ष पूरा हो रहा है। इसको लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। मां की पूजा भव्य रूप से आयोजित की जायेगी। पूजा को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक किशोर साहू, राजकुमार गुप्ता, अध्यक्ष शंकर दुबे, महामंत्री गोपाल पारीक, कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह), करण सिंह, नमन भारतीय, अकाश रजक, रोहन सिंह, आशीष रजक, मोहित रजक, अर्जुन सिंह, सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहता है।

# प्रकृति है तो सृष्टि है : फूलचंद्र तिर्की

आजाद सिपाही की पहल

**सरहुल पर विशेष**



फूलचंद्र तिर्की
अध्यक्ष, केंद्रीय सरना समिति



सरहुल प्राकृतिक पूजक आदिवासियों का सबसे बड़ा त्योहार है। यह त्योहार चैत के महीने में होता है। चैत द्वितीय शुक्ल पक्ष को उपवास एवं मछली केकड़ा पकड़ने की रस्म निभायी जाती है एवं चैत तृतीय में सरना पूजा एवं चतुर्थी को फूलखोंसी कार्यक्रम होता है। उसी दिन शाम को सरना स्थल में पहान के द्वारा तीन घड़ों में पानी रखा जाता है एवं दूसरे दिन सूरज उगने से पहले ग्रामीण सरना स्थल में जाकर उसे घड़े को देखते हैं एवं मौसम का पूर्वानुमान लगाया जाता है। घड़ा में पानी लबला भरा हो तो उसे वर्ष बारिश अच्छी होने की संभावना होती है। यदि घड़े में पानी का स्तर कम हो जाता है तो उसे वर्ष बारिश अच्छी नहीं होती है। सरहुल त्योहार में आदिवासी प्रकृति की पूजा करते हैं। आदिवासियों का मानना है कि प्रकृति है तो सृष्टि है प्रकृति है तो हम हैं। प्रकृति से ही हमें हवा पानी मिलता है, जिससे जीव, जंतु, मानव, दानव सब सांस लेते हैं। सूर्य हमें ऊर्जा देता है, धरती हमें अन्न धन देती है। इसलिए सरहुल में प्रकृति का आभार प्रकट करने के लिए आदिवासी समाज पहाड़, पर्वत, नदी, नाला, पुरखा-पूर्वज, बुढ़ा-बुढ़ी को याद कर सरना स्थल में एवं अपने अपने घर में पूजा पाठ करते हैं। रूढ़िवादी परंपरा के अनुसार ग्रामीण पहान को कंधे में बैठाकर ढोल नगाड़ा बजाते हुए सरना स्थल ले जाते हैं एवं पहान के द्वारा सरना स्थल में परंपरा संस्कृति के अनुसार मुर्गे के बलि देकर गांव मौज में सुख समृद्धि की कामना करते हैं। सरहुल में आदिवासी समाज के लोग जंगल से फूल लाने जाते हैं एवं घर की महिलाएं घर आंगन की सफाई साफ-सफाई करती हैं एवं घर में पकवान बनते हैं। पकावन बनाने के लिए नयी मिट्टी का चूल्हा, नया सूप, मिट्टी के बर्तन की आवश्यकता होती है। पहले दिन हम लोग गुड़ एवं आटा से बना हुआ पकवान जिसमें नमक का इस्तेमाल नहीं होता है। दूसरे दिन आदिवासी अपने पूर्वजों को याद कर नौ प्रकार की सब्जी, फल, फूल अपर्ण करते हैं उसके साथ परिवार के साथ भोजन करते हैं। सरहुल पर्व के साथ ही आदिवासियों का नया वर्ष शुरू हो जाता है। सरहुल को आदिवासी सूर्य और धरती के विवाह के रूप में मनाते हैं।

# विजयवर्गीय महिला मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने गणगौर सिंधारा उत्सव मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विजयवर्गीय महिला मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने गणगौर सिंधारा उत्सव होटल करी पत्ता में धूमधाम से मनाया। इस त्योहार की शुरुआत होली के दिन से होती है जिसका नाम गणगौर है गण को शंकर भगवान के रूप में और गौर को पार्वती माता के रूप में पूजा होती है। मारवाड़ी समाज की कुंवारी लड़की 16 दिन गणगौर पूजती है और जिनकी शादी की पहली साल है उनका भी ब्यावला गणगौर होता है।

अंतिम दिन सभी सुहागिन इनकी पूजा करती हैं। इसमें समाज की महिलाओं का भरपूर सहयोग मिला। सभी महिलाओं ने सोलह सिंगार करके हाथों में मेहंदी रचा के कलर थीम के अनुसार सब सज धज कर आयीं। इसमें बहुत सारे रंगारंग कार्यक्रम हुए मजेदार गेम के साथ गणगौर थीम हौजी भी खिलायी गयी। स्वादिष्ट व्यंजन के साथ घूमर डांस भी हुए। अध्यक्ष सुशीला विजयवर्गीय के साथ उनकी टीम माया, प्रीति, इंदिरा, आरती, निधि, अनुराधा, प्रिया, विनीता, रानो, अनुपमा, श्रुति, सोनम, बबीता, विजयलक्ष्मी, जया, आस्था, वाणी सभी के सहयोग से यह प्रोग्राम सफल रहा।

## रामपुर आजीविका महिला संकुल समिति में मंईयां स्वावलंबन कार्यक्रम आयोजित

# पॉल्ट्री फार्मिंग से महिलाओं को कम लागत में बहुआयामी लाभ मिलेगा: मंजूनाथ भजंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** रांची जिले में मंईयां सम्मान योजना के तहत लगभग 20 हजार महिला समूहों में बैठकें आयोजित की गयीं। इसमें एसएचजी, भीओ एवं सीएलएफ के माध्यम से हजारों महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 'मंईयां स्वावलंबन' कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर आयोजित किया गया। रांची की डीसी सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने रामपुर आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति सभागार में इस भव्य आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा) रविशंकर मिश्रा, डीपीएम (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) निशिकांत नीरज, रामपुर पंचायत की मुखिया सरस्वती देवी, आजीविका समिति की अध्यक्ष नेहा कुजूर, उपाध्यक्ष अनीता देवी सहित समिति की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 'मंईयां सम्मान योजना' के तहत योग्य लाभुकों को 2500 रुपये की सम्मान राशि प्रदान कर रही है। इस राशि का उपयोग स्वरोजगार अपनाने के लिए किया जाना चाहिए, जिससे महिलाएं बकरी पालन, मुर्गी पालन और अंडा उत्पादन जैसे व्यवसायों के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। उन्होंने कहा कि पोल्ट्री फार्मिंग से महिलाओं को कम लागत में बहुआयामी लाभ मिलेगा, जिससे परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और बच्चों की शिक्षा और पोषण में भी सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री 'मंईयां सम्मान योजना' के तहत हर लाभार्थी को सालाना 30 हजार रुपये दिए जा रहे हैं, जिसका सही उपयोग कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं। रामपुर पंचायत की मुखिया सरस्वती देवी ने महिलाओं को ड्रिप इरिगेशन अपनाने की सलाह दी और बताया कि इससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। उन्होंने खुद के अनुभव साझा कर बताया कि किस तरह इस पद्धति से वे समृद्ध हुई हैं और अन्य महिलाओं को भी इससे जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही और सभी ने इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने का संकल्प लिया।


कार्यक्रम में शामिल रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री।

# अनिल टाइगर की हत्या से दुखी अखाड़े नहीं निकालेंगे रामनवमी की शोभायात्रा



**कांके (आजाद सिपाही)।** श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष अनिल महतो टाइगर की 26 मार्च को कांके चौक पर हुई निर्मम हत्या से मर्माहत और शोकाकुल विभिन्न अखाड़े इस वर्ष श्री रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा नहीं निकालेंगे। यह निर्णय सर्वसम्मति से रविवार को कांके चौक महावीर मंदिर में हुई बैठक में लिया गया। संयोजक गिरिजाशंकर पांडेय और मुख्य संयोजक अतीश कुमार सिंह ने उक्त घटना की तीव्र निंदा करते हुए इसको पुलिस प्रशासन की विफलता बताया। वहीं जिप सदस्य सुषमा देवी और किरण देवी ने अविलंब हत्यारों और साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने की मांग की। चार अप्रैल को न्यू मार्केट परिसर में होने वाली झारखंड स्तरीय अस्त्र- शस्त्र चालन प्रतियोगिता और पांच अप्रैल को प्रस्तावित झांकी निकालने के कार्यक्रम को भी निरस्त कर दिया गया है। इस वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे। सेमर टोली, पतरा टोली, सीआईपी, चूड़ी टोला, भीठा चंदवे, चौड़ी बस्ती, कॉलेज गेट, रिनपास के अखाड़े अपने गांव-मोहल्ले में केवल ध्वजा पूजा करेंगे। इसमें किसी प्रकार के बाजा, वाद्य यंत्र तथा लाठी तलवार आदि के साथ जुलूस नहीं निकालने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने दिवंगत अध्यक्ष अनिल महतो टाइगर की स्मृति में मौन रखा। एक शोक सभा आयोजित की गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर सभी ने श्रद्धांजलि दी। इसके पूर्व सभी ने लगातार पांच वर्षों से अध्यक्ष के रूप में स्वर्गीय अनिल टाइगर के अतुलनीय धार्मिक और सामाजिक योगदान को याद किया। अनिल टाइगर की हत्या के बाद कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डाले जाने के मामले को पुलिस प्रशासन के संज्ञान में लाने का निर्णय लिया गया ताकि उनके विरुद्ध समुचित कारवाई हो सके। वहीं, श्रीश्री महावीर मंडल केंद्रीय पूजा समिति डोल मेला सुकुरहुटू ने भी शोभायात्रा नहीं निकालने का निर्णय लिया है। केवल झंडा के साथ गांव के अखाड़े आयेंगे। इसमें कोई अस्त्र शस्त्र और बाजा आदि लेकर नहीं आएंगे। दशमी को होने वाला डोल मेला में केवल भगवान श्री राम को पालकी में बैठाकर बाजारटांड़ में सादगी के साथ लाया जाएगा। इस मौके पर ऑर्केस्ट्रा आदि कार्यक्रम नहीं होंगे। यह जानकारी डोल मेला के अध्यक्ष राजकुमार महतो ने दी। वहीं, महावीर मंडल उरूगूटू की बैठक लाल अमन शाहदेव की अध्यक्षता में रविवार को हुई। नौ अप्रैल को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता एवं मेला को इस वर्ष स्थगित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में लाल मृत्युंजय शाहदेव, जगदीश पाण्डे, राजू नायक, प्रदीप पांडे, मनोज महतो, राजनाथ लोहरा, पिन्टू पांडे, संजय महतो आदि शामिल थे।

## श्री महावीर मंडल लालगंज की नयी कमेटी का गठन, संजीत सिंह पुनः बने अध्यक्ष



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** श्री महावीर मंडल लालगंज टाटीसिलवे की बैठक रविवार को टाटीसिलवे के आदर्श नगर स्थित शिव मंदिर परिसर में हुई। जिसमें रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। शोभायात्रा लालगंज चौक से टाटीसिलवे के इइएफ मैदान तक जाएगी। बैठक में मंडल की पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संजीत सिंह को पुनः अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा पूर्व कर्नल वीरेंद्र कुमार सिंह को मुख्य संरक्षक बनाया गया। जबकि संरक्षक मंडल में राजन साहू, विनोद शाही, चिंतामणि साहू, अजय सिंह, उपाध्यक्ष नारायण शर्मा, विजय मुंडा, नागेश्वर महतो, विनोद पुरी, सचिव सत्यजीत सिंह, राजकुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव, विनोद तिवारी, संतोष सिंह, कार्य समिति सदस्यः हरे राम सिंह, नितेश श्रीवास्तव, मनोज ठाकुर, रंजन शर्मा सहित दर्जनों लोगों को नियुक्त किया गया। बताते चले कि संजीत सिंह आर्मी से सेवानिवृत्त है और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में हमेशा सक्रिय रहते है। वे समाज में गरीबों की सहायता के लिए भी जाने जाते है। बैठक में लालगंज टाटीसिलवे के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने रामनवमी शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# इटकी के सियारटोली में करोड़ों रुपये की लागत से स्टेडियम बन कर तैयार

**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सियार टोली गांव में क्षेत्र के खिलाड़ियों को निखारने और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए करोड़ों रुपये की लागत से स्टेडियम बन कर तैयार हो गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की बहुआयामी सोच का नतीजा यह इटकी में स्टेडियम है। प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण में सरकार कोके करीब 2.80 करोड़ रुपये खर्च हुए है। खेल विभाग ने स्टेडियम के निर्माण की जिम्मेवारी संवेदक मेसर्स सुदन प्रसाद साहू को सौंपा था। स्टेडियम निर्माण की आधारशिला गत वर्ष तत्कालीन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने रखी थी। स्टेडियम में दर्शक दिर्घा (पेविलियन), गैलेरी, हरा भरा मैदान, पार्किंग, शौचालय, नाली, रोड, इस्प्रिंकल, डब्ल्यू टीपी, मैदान में मखमली घासों के पटवन के लिए दो बड़े टंकी का निर्माण सहित समुचित सुविधा उपलब्ध कराया गया है।



### प्रशासनिक प्रक्रिया के बाद जल्द होगा स्टेडियम का उद्घाटनः बीडीओ

**प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद नव निर्मित स्टेडियम को हैंड ओवर लिया जायेगा। इसके बाद निर्धारित समय पर स्टेडियम का उद्घाटन कार्य संपन्न कराया जायेगा। बीडीओ प्रवीण कुमार ने कहा कि नव निर्मित स्टेडियम में प्रखण्ड के युवाओं को नयी उड़ान भरने का मौका मिलेगा। यहां नये सिरे से खेल की शुरुआत होगी।**

हालांकि विभाग की ओर से स्थानांतरण नहीं होने के कारण नव निर्मित स्टेडियम का उद्घाटन नहीं हो सका है। उद्घाटन के बाद ही यहां के युवाओं का सपना साकार हो सकेगा। इस मंच से खिलाड़ी अपने प्रतिभाओं को निखार सकेंगे। पूर्व से ही लोगों द्वारा प्रखण्ड में एक स्टेडियम की मांग चल रही थी। इसके लिए पूर्व में मिशन मैदान का चयन की बात भी की जा रही थी। इस स्टेडियम को रानीखटंगा निवासी पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्तर के धावक दिवंगत बुधवा उरांव के नाम से नामकरण की मांग उठने लगी है।

## नवागढ़ के मुखिया दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में लेंगे भाग

**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)। अनगड़ा प्रखंड के प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ के लिए गौरान्वितक्षण होगा। मुखिया भुवनेश्वर बेदिया तीन अप्रैल को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे और पेसा कानून के तहत संरक्षित सांस्कृतिक विरासत, अपने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ सेमीनार में अपने विचार रखेंगे। वे इस सेमीनार के प्रमुख वक्ता है। झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग की ओर से भुवनेश्वर बेदिया का चयन किया गया है। मुखिया भुवनेश्वर बेदिया चयन के लिए झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग कि निदेशक डॉ निशा उरांव और जनप्रतिनिधियों का आभार जताया है।**

## नवाह्न परायण पाठ और राम कथा को लेकर 1001 महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जोन्हा स्थित श्रीराम मंदिर में रविवार को नौ दिवसीय नवाह्न परायण पाठ एवं श्री राम कथा का शुभारंभ किया गया। इससे पहले 1001 महिलाओं और युवतियों ने कलश यात्रा निकाली। जिसका शुभारंभ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने किया। यह यात्रा सुबह मंदिर परिसर से शुरू हुई। इसके बाद पूरे ग्राम भ्रमण कर यह यात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर मंडप प्रवेश किया। शाम में श्रीराम मंदिर परिसर में अयोध्या की प्रख्यात कथावाचिका शैलप्रिया ने श्रीराम कथा का प्रवचन प्रारंभ किया। श्री राम कथा का श्रवण करने सैकडों श्रद्धालु पहुंचे। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष साहू, मीडिया प्रभारी जितेन्द्र साहू, बलराम साहू, प्रदीप साहू, रंजु देवी, सीताराम साहू, उदय साहू, निवारण साहू, किशोर साहू, विकास साहू, अजय मंडल, वसंत साहू, प्रकाश साहू, सूरज साहू, शंभू साहू, अमर मंडल, देवनारायण साहू, महेश भारती, परमेश्वर माली, नेपाली साहू और श्रीराम साहू आदि उपस्थित थे।

## विहिप चाणक्य नगर ने मनाया हिंदू नववर्ष



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद चाणक्य नगर के तत्वावधान में रविवार को हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मंदिरों का भ्रमण कर श्रद्धालुओं को नववर्ष, चैत्र नवरात्र, सरहुल और रामोत्सव की शुभकामनाएं दी। कार्यकर्ताओं ने सदाबहार चौक स्थित हनुमान मंदिर, काली पूजा स्थल, खिजरी स्थित प्राचीन देवी मंडप, जलधर महादेव मंदिर, बरगांवा स्थित शिव मंदिर, राजा उलातू स्थित मारासिल्ली शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, मंडा स्थल, सिदरौल स्थित जोड़ा मंदिर, चायबगान एवं कालीनगर स्थित विभिन्न मंदिरों का दौरा किया। इस अवसर पर कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वाभिमान, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, समाजिक एकता और जनजातीय समाज से जुड़ने का संदेश दिया गया। सभी ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सहेजने तथा समाज में एकता और भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया। मौके पर बरगांवा पंचायत की मुखिया अनिता तिर्की, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पदाधिकारी अरुण झा, विहिप कार्यकर्ता अमरनाथ ठाकुर, राकेश शर्मा, पंकज तिवारी, मंदिरों के पदाधिकारी मनोज ठाकुर, संजय सिंह, दयानंद राय, चंदन कुमार, नितेश चेलानी शामिल थे।

# भाजपा नेता के पुत्र ने जहर पीकर आत्महत्या की

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता छोटकी गोड़ांग निवासी बिगेश्वर महतो के बड़े पुत्र अनीत महतो (24) ने जहर पीकर आत्महत्या कर लिया। घटना शनिवार की शाम की है। 10 महीना पहले ही अनीत की शादी हुई थी। बताया जा रहा कि किसी बात को लेकर उसका पत्नी के साथ विवाद हो गया था। इसी गुस्से में उसने जहर पी लिया। जैसे ही स्वजनों की इसकी जानकारी हुई तुरंत इलाज के लिए सीएचसी अनगड़ा ले गए। वहां से बेहतर इलाज के लिए स्वर्णरेखा




अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां भी हालत बिगड़ने पर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल ले जाया जाने लगा। पर रास्ते में ही अनीत ने दम तोड़ दिया। उधर, अनीत की मौत से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। अनीत जुड़वा भाई था। घर में बहन की शादी की तैयारी चल रही थी। पांच मई को अनीत की बहन की शादी होनी है। अचानक से जहर पीने की घटना को स्वजन हतप्रभ है। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का अंतिम संस्कार गांव के बगल में स्थित शमशान घाट में किया जाएगा। अनीत की मौत पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, बीओसीडब्लू मेंबर पारसनाथ भोगता, वीचा उरांव, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, शंकर बैठा, संतोष कुमार सिन्हा, रामसाय मुंडा, राजन महतो, राजेश लोहरा, सीताराम मुंडा, बिनोद चौधरी, देवेन्द्र कुमार उर्फ डब्बू, वीरेन्द्र कुमार उर्फ मुन्ना, सौरव कुमार महतो, वीचा उरांव, संजय नायक, बालशाय मुंडा, रोहित बेदिया, संजय भोगता, अशोक बेदिया आदि ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## दो अप्रैल को पाहन मिलन सह शोभायात्रा का आयोजन, शामिल होंगे मंत्री-विधायक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जोन्हा सरना समिति की एक बैठक रविवार को गुड़ीडीह हुंडी सरना स्थल पर हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष हरदयाल मुंडा ने किया। बैठक में इस बार भी प्रकृति महापर्व सरहुल के उपलक्ष्य में दो अप्रैल को पाहन मिलन समारोह सह भव्य शोभा यात्रा का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा शामिल होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सिल्ली विधायक अमित महतो उपस्थित रहेंगे। आह्वान किया गया कि कार्यक्रम में सरना धर्मावलंबी अपने पारंपरिक भेषभूषा में बाजे-गाजे के साथ रीझ रंग करते हुए शामिल होंगे। मौके पर रिझुवा मुंडा, भगत सिंह भोगता, करमा भोगता, सुकरा मुंडा, खीरू उरांव, सुरेंद्र मुंडा, संतोष मुंडा, सुधीर भोगता, शशि प्रकाश लिंडा, विष्णुकांत भोगता, शंकर मुंडा, कुंदन लोहरा, मुन्नीलाल उर्फ मुन्ना लोहरा, पवन लोहरा, अजय नायक, धिरेन मुंडा, संजय मुंडा, अनिल कुमार गोप, रवि मुंडा, अरुण मुंडा, हरीश मुंडा, अनिल मुंडा, संदीप मुंडा, रोहित, अमित, मनिष मुंडा, जीतु मुंडा आदि उपस्थित थे।

## हिंदू नववर्ष पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कूल्ही ने निकाली शोभायात्रा



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुल्ही की ओर से विक्रम संवत 2082 हिंदू नव वर्ष पर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ही एक ऐसी संस्था है जो हिंदू सनातन धर्म की रक्षा करता है। शोभायात्रा कुच्चू बाजार, बस्ती होते हुए पुनः विद्यालय वापस पहुंची। विद्यालय के मुख्य संरक्षक और राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू ने कार्यालय कक्ष का उद्घायल किया। कहा कि आने वाले समय में इस विद्यालय की जो भी समस्या होगी उसे दूर करने में मदद करूंगा। इस वर्ष प्रयास रहेगा की विद्यालय में वाहन सुविधा उपलब्ध हो। इसके लिए सांसद या अन्य फंड से उपलब्ध कराने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बिरजू महतो, सचिव चुन्नू महतो, सह सचिव कुसेंद्र महतो, नवालाल महतो, कालेश्वर महतो, मंजू महतो, प्राचार्य जय प्रकाश महतो, बुधराम महली आदि उपस्थित थे।

## विशु शिकार महोत्सव के साथ ही पड़हा भवन का हुआ उद्घाटन


# प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण का संदेश देता है सरहुल : डॉ रविंद्र नाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** सरहुल हमें प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। यह पर्व मानवीय जीवन में सद्भावना, सहिष्णुता, एकजुटता, समरसता और मानवता का अमूल्य पाठ पढ़ाता है। उक्त बातें हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति सह 10 पड़हा के संरक्षक डॉ रविन्द्र नाथ भगत ने कही। वे 10 पड़हा कटरमाली के तत्वावधान में रविवार को कटरमाली गांव स्थित पड़हा भवन में आयोजित सरहुल पूर्व संध्या, विशु शिकार महोत्सव और पड़हा भवन के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व वीसी डॉ रविन्द्र नाथ भगत, 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध लकड़ा और 10 पड़हा राजा रोहित उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर पड़हा भवन का उद्घाटन किया। इसके पूर्व संरक्षक डॉ रविन्द्र नाथ भगत, अध्यक्ष सुबोध लकड़ा एवं 10 पड़हा राजा रोहित उरांव के संयुक्त नेतृत्व में कटरमाली अखरा से ढोल, ढाक, मांदर, झंडा और नगाड़ा के थाप पर परंपरागत नाच गान के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जो परिक्रमा करते हुए पड़हा भवन के पास पहुंचकर एक समारोह में बदल गया। इस दौरान ग्रामीणों ने मां सरना की प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व वीसी डॉ रविन्द्र नाथ भगत ने ग्रामीणों से एकजुट होकर सरहुल पर्व के महत्व और महिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया। वहीं 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध लकड़ा ने कहा कि पड़हा भवन के बनने से हमारी वर्षों पुरानी मांग और सपना साकार हुआ। जो पड़हा समाज की एकता और संगठन को मजबूत बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। इधर, समारोह में 10 गांव के खोड़हा टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह को सफल बनाने में 10 पड़हा राजा रोहित उरांव, 12 पड़हा राजा विशाल उरांव, पंसस विशेश्वर उरांव, मुखिया कुवांरी खलखो, अशोक लकड़ा, कुलदीप उरांव, खद्दी उरांव, नंदू उरांव, बांदे लकड़ा, सोमरा उरांव, बुधनाथ उरांव, पुसा उरांव, रंजीत उरांव और बिरसा उरांव आदि ने सराहनीय योगदान दिया। वहीं, समारोह में 10 पड़हा क्षेत्र के 10 गांवों जरिया, सरनाटोली, टेंगरिया, डोला, हुलसी, मासु, मुड़ामु, ताबेर, शहेदा और खूर्द के ग्रामीणों ने परंपरागत नाच गान प्रस्तुत किया। वहीं समारोह की अध्यक्षता सुबोध लकड़ा, संचालन विजय उरांव और धन्यवाद ज्ञापन विशु उरांव ने किया।


कटरमाली में निकली सरहुल की शोभायात्रा में शामिल ग्रामीण।

## आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर ने हिंदू नववर्ष पर निकाली शोभायात्रा



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर की ओर से हिंदू नव वर्ष पर शोभा यात्रा निकली गई। जो विद्यालय से निकल कर रांची शहर स्थित धुर्वा होते हुए विद्यालय के सभी पोषक क्षेत्रों दलादली, बाजपुर, चिपरा, पाली इटकी, नगड़ी आदि क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए विद्यालय पहुंची। यह शोभा यात्रा सभी भारतीयों को चैत्र शुल्क प्रतिपदा को नव वर्ष मानने के लिए प्रेरित करने के निमित निकाली गई। प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी ने सभी को नव वर्ष की शुभकामना देते हुए कहा कि हमारा नव वर्ष प्रकृति के पल्लवित होने वाले समय में आता है। हम सब को प्रकृति के संरक्षण के विषय में अवश्य सोचना चाहिए। इस मौके पर आचार्य लवकुश सरोज, रवि हांसदा, काजल पांडेय, शिव कुमार, नीतीश पाठक, साक्षी पाठक, रीना कुमारी, अल्का सिंह, सुमन सिंह, पूजा कुमारी आदि उपस्थित थे।

